कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/मा–स/AKAM/2022/154 दिनांक : 29.9.2022

समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
समस्त प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ।
प्राचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान, बीकानेर/अजमेर
समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।
समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारम्भिक।
समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।
समस्त पीईईओ/यूसीईईओ/संस्था प्रधान ।

विषय – 02 अक्टूबर, 2022 गांधी जयन्ती के अवसर पर विद्यालय में सर्व धर्म प्रार्थना सभा आयोजित करने के सम्बन्ध में।

प्रसंग – प्रमुख शासन सचिव, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, जयपुर की अ.शा. टीप क्रमांकः प.27(2)क.सं./2021 पार्ट प्रथम जयपुर दिनांक : 24.09.2022 एवं इस कार्यालय द्वार जारी समसंख्यक तीन निर्देश पत्र दिनांक : 27.09.2022 के क्रम में

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि 02 अक्टूबर, 2022 गांधी जयन्ती के अवसर पर राजस्थान के समस्त राजकीय (राप्राविं/राबाप्रावि/राउप्रावि/राबाउप्रावि/राबाउमावि/राउमावि/महात्मा गांधी/विवेकानन्द मॉडल स्कूल) व समस्त गैर–राजकीय विद्यालयों में प्रातः 11.00 बजे पर एक ही समय में एक साथ तीन प्रार्थनाओं का सामूहिक गायन करवाए जाने बाबत् निर्देश जारी किए गए थे।

उल्लिखित कार्यक्रम में आंशिक संशोधन जारी करते हुए स्पष्ट किया जाता है कि उक्त कार्यक्रम का आयोजन समय प्रातः 11.00 बजे के स्थान पर **प्रातः 09.00 बजे** निर्धारित किया जाता है। अतः उक्तानुसार समस्त राजकीय (राप्रावि/राबाप्रावि/राउप्रावि/राबाउप्रावि/राबाउमावि/ राउमावि/महात्मा गांधी/विवेकानन्द मॉडल स्कूल) व समस्त गैर–राजकीय विद्यालयों के साथ समस्त **जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान, बीकानेर/अजमेर** में उक्त कार्यक्रम प्रातः 09.00 बजे पर एक ही समय में एक साथ तीन प्रार्थनाओं का सामूहिक गायन करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

शेष शर्ते पूर्ववर्ती आदेशानुरूप यथावत रहेगी।

(गौरव अग्रवाल)
आइ.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षामंत्री, राजस्थान।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री, राजस्थान।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, जयपुर।
4. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग,जयपुर।
5. आयुक्त, क़ॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
6. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीक़ानेर।
7. समस्त जिला कलक्टर।
8. शासन उप सचिव, शिक्ष (ग्रुप–6) विभाग, जयपुर।
9. समस्त उपखण्ड अधिकारी।
10. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने एवं समस्त सम्बन्धितों को ई–मेल करने हेतु।
11. उप निदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर।
12. सहायक निदेशक, पी.एस.पी. अनुभाग, कार्यालय हाजा।
13. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर